# University in News on 18 April 2021

HINDUSTAN PAGE 6

## एलयू का फैसला, 19 मई को नहीं होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

राहत

लखनऊ | निज संवाददाता

19 मई को प्रस्तावित बीएड की परीक्षा पर भी कोरोना का ग्रहण लग गया है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राजधानी समेत प्रदेश भर के बीएड कॉलेजों में दाखिले के लिए प्रस्तावित यूपी राज्य प्रवेश परीक्षा टाल दी गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से शनिवार को इसकी घोषणा की गई। यह प्रवेश परीक्षा अब आगामी 19 मई को नहीं होगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा है कि जल्द ही नई तिथियों की घोषणा की जाएगी। अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट लगातार देखते रहने की सलाह दी गई है।

प्रवेश समिति से जुड़े लोगों की ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया था। जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय को यह प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी दी गई है। कोरोना संक्रमण के चलते प्रदेश में प्रस्तावित ज्यादातर परीक्षाएं लगातार टाली जा रही हैं। इसी क्रम में सावधानी बरतते हुए एलयू ने बीएड की परीक्षा भी फिल्हाल टाल दी है। राज्य विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं भी आगामी 15 मई तक टाली जा चुकी हैं।



TOI PAGE 2

## LU postpones BEd entrance

Times News Network

**Lucknow:** Due to the surge in Covid-19 cases, Lucknow University has postponed the Joint Entrance Examination for bachelor in education (JEE-BEd 2021) scheduled on May 19.

"The candidates should keep checking the website of Lucknow University for further updates," said JEE BEd coordinator Amita Bajpai.

The joint entrance has to be held for admission to over 2.5 lakh BEd seats in over 20,000 colleges across the state. This year, more than seven lakh candidates have applied for admission through the state level BEd entrance test.